आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 05.05.2026    समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- UAE के फुजैराह पर ईरानी ड्रोन हमले में तीन भारतीय घायल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की कड़ी निंदा, कहा- निर्दोष लोगों को निशाना बनाना अस्वीकार्य।
- चुनाव हारने के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने पद से इस्तीफा देने से किया इनकार।
- प्रदेश कैबिनेट का बड़ा फैसला, दलहन मिशन को 2 हजार 442 करोड़, सड़क और आवास के लिए 32 हजार करोड़ से ज्यादा मंजूर।
- कुछ ही देर में दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला।

पीएम मोदी- फुजैराह हमले की निंदा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने UAE के फुजैराह पर हुए ईरानी ड्रोन हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में पेट्रोलियम इलाके में आग लगने से तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। श्री मोदी ने कहा कि आम लोगों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना बिल्कुल मंजूर नहीं है और भारत UAE के साथ पूरी तरह खड़ा है।

ममता बनर्जी- इस्तीफा देने से इंकार

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने घोषणा की है कि हालिया चुनाव परिणामों के मद्देनजर वह इस्तीफा नहीं देंगी क्योंकि उनका मानना है कि वोटों की हेराफेरी की गई है और पूरी मतदान प्रक्रिया में धांधली हुई है। वहीं भाजपा का कहना है कि चाहे ममता बनर्जी इस्तीफा दें या न दें, वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल इस महीने की 7 तारीख को समाप्त हो रहा है।

पश्चिम बंगाल- केंद्रीय पर्यवेक्षक

भाजपा ने पश्चिम बंगाल के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। वहीं असम के लिए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को केंद्रीय पर्यवेक्षक और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सह-पर्यवेक्षक बनाया गया है।

मोहन यादव- कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में व्यापारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के जल्द समाधान के लिए 'राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड' बनाने को मंजूरी दी गई, जिसके अध्यक्ष खुद मुख्यमंत्री होंगे। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के मंत्री चैतन्य कुमार कश्यप ने बताया-

इसके अलावा अगले पांच साल यानी 2026 से 2031 तक दलहनी फसलों के उत्पादन और क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए 'दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन' को 2442 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी गई। कैबिनेट ने सड़क निर्माण, आवास अनुरक्षण, ग्रामीण सड़कों के उन्नयन और सड़क सुरक्षा सहित लोक निर्माण विभाग के कार्यों के लिए 32 हजार 405 करोड़ रुपये स्वीकृत किए। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर और आईटी संबंधी योजनाओं के लिए 1295 करोड़,

आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण और मिशन वात्सल्य के संचालन के लिए करीब 2412 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी दी गई।

उज्जैन में किसानों से मिले सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन के दताना एक उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया और किसानों से सीधे बातचीत कर व्यवस्थाओं का हाल जाना। डॉक्टर यादव ने बताया कि गेहूं के साथ-साथ चना और मसूर की खरीदी भी हो रही है और किसानों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। डॉ. यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा-

वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में गेहूं 41 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी जा चुकी है। इसके लिए किसानों को अब तक 6 हजार 520 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

ब्रिक्स कृषि मंत्रियों का सम्मेलन

इंदौर में 9 से 13 जून तक 21 देशों के कृषि मंत्रियों का ब्रिक्स सम्मेलन होगा। इस पांच दिवसीय सम्मेलन में ब्राजील, रूस, चीन, सऊदी अरब, UAE समेत कई देशों के मंत्री, कृषि वैज्ञानिक और नीति निर्धारक हिस्सा लेंगे।

प्रदेश में कॉलेज एडमिशन शुरू

प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2026-27 के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 15 मई है। विद्यार्थी epravesh.highereducation.mp.gov.in पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## मदरसा बोर्ड- परीक्षा

अब बात प्रदेश के मदरसा बोर्ड की। मदरसा बोर्ड ने भी हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिन्हें छात्र स्वयं या अध्ययन केंद्रों के माध्यम से भर सकते हैं। सीधे आवेदन करने वाले छात्रों को जिला शिक्षा अधिकारी से सत्यापन कराकर निर्धारित तिथि में बोर्ड को भेजना होगा। शैक्षणिक कैलेंडर और शुल्क संरचना की पूरी जानकारी बोर्ड की वेबसाइट mpmb.org.in पर उपलब्ध है।

## पेरिस में प्रदेश की बाग प्रिंट

पेरिस में यूरोप के प्रतिष्ठित मेले 'फोयर डे पेरिस' में प्रदेश की पारंपरिक 'बाग प्रिंट' कला चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां नेशनल अवार्डी शिल्पकार मोहम्मद बिलाल खत्री प्राकृतिक रंगों और लकड़ी के ठप्पों से बाग प्रिंट का लाइव डेमोंस्ट्रेशन दे रहे हैं।

## मौसम का हाल

प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है और भीषण गर्मी से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली है। आज सुबह से ही धार, बड़वानी, झाबुआ और ग्वालियर समेत कई जिलों में तेज बारिश और आंधी का दौर शुरू हो गया। भोपाल मौसम केंद्र ने 8 मई तक प्रदेश के 39 जिलों में 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## भोपाल में भारत-ऑस्ट्रेलिया U-18 हॉकी सीरीज

भारत की पुरुष और महिला अंडर-18 हॉकी टीमें 15 से 20 मई के बीच भोपाल के उधव दास मेहता सेंट्रल सेंटर में ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीमों के खिलाफ चार-चार मैचों की सीरीज खेलेंगी। इस महीने के आखिर में जापान के काकामिगाहारा में अंडर-18 एशिया कप 2026 होना है, जिसमें एशिया की शीर्ष जूनियर टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों के लिए सीनियर हॉकी तक पहुंचने का अहम मंच माना जाता है।

संक्षिप्त समाचार

- झाबुआ जिले के ग्राम कुडवास में जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने दिव्यांग हितग्राही रामचन्द्र मैडा को इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल प्रदान की।
- शिवपुरी में आज कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कलेक्टर ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका मौके पर ही निराकरण किया।
- देवास में कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार के लिए कलेक्टर ने अमलतास अस्पताल में 'किलकारी अभियान 2.0' की शुरुआत की।
- नीमच जिले ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।
- धार जिले में गर्मी के मौसम में बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए आंगनवाड़ी केंद्रों का समय सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक कर दिया गया है।
- खंडवा में रेडक्रॉस सप्ताह के तहत टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 25 टीबी मरीजों को पोषण युक्त फूड बास्केट वितरित की गई।
- आगरमालवा में कलेक्टर ने एक गैस एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 828 घरेलू गैस सिलेंडरों को जब्त कर राजसात करने के आदेश जारी किए हैं।
- राजगढ़ जिला मुख्यालय पर आज जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया।

- पन्ना में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से लाड़ली उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 10वीं और 12वीं की मेरिट सूची में अव्वल रहने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।
- ग्वालियर में कलेक्टर ने शहर में चल रहे जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औचक निरीक्षण किया।
- श्योपुर जिले में 33 सोसायटियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी जारी है और अब तक 44 हजार 776 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है।
- आईपीएल में आज शाम 7.30 बजे दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स आमने-सामने होंगे।